Rapid Fire करेंट अफेयर्स 7 अगस्त

- 2 और 3 अगस्त को बीजिंग में **Regional Comprehensive Economic Partnership-RCEP** की 8वीं अंतर-सत्रात्मक मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व वाणिज्य सचिव डॉ. अनूप वधावन ने किया। इस दौरान हुई बैठकों में बाजार पहुँच एवं अन्य मुद्दों को लेकर भारत ने उन चिंताओं को रेखांकित किया जिससे कुछ साझेदार देशों के बीच व्यापार असंतुलन की स्थिति बन जाती है। अंतर-मंत्रालयी बैठक से इतर भारत के वाणिज्य सचिव ने चीन, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, जापान के वाणिज्य सचिवों एवं आसियान के आर्थिक मंत्रियों के साथ बैठक की। चीन के वाणिज्य उपमंत्री वांग शौवेन के साथ बैठक में वाणिज्य सचिव ने एक RCEP समझौते पर ज़ोर दिया जिससे वर्तमान व्यापार असंतुलन की समस्या पर समुचित रूप से ध्यान दिया जा सकेगा। इसके साथ ही भारतीय व्यावसायिक पर्यटकों के लिये चीन के व्यवसाय वीज़ा व्यवस्था में सुगमता पर भी चर्चा हुई। आसियान के आर्थिक मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान वाणिज्य सचिव ने सेवा व्यापार के महत्त्व को रेखांकित किया जो वस्तुओं के व्यापार एवं निवेश दोनों का समर्थन करता है।
- **रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO)** ने ओडिशा के बालेश्वर जिले में चाँदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सीधा हवाई लक्ष्य के विरुद्ध अत्याधुनिक **त्वरित प्रतिक्रिया ज़मीन-से-हवा (QR-SAM)** में मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। DRDO द्वारा विकसित दो मिसाइलों का परीक्षण दो सीधे लक्ष्यों के विरुद्ध किया गया और इन्होंने सफलतापूर्वक लक्ष्यों को भेदा। कई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ सुसज्जित QR-SAM ने विभिन्न रेंजों एवं ऊँचाइयों पर लक्ष्य को भेदा। इन प्रणालियों का परीक्षण एक वाहन पर लगे रडार एवं लॉन्चर पर मिसाइलों के साथ पूर्ण कन्फिगिरेशन के साथ किया गया। ये प्रणालियाँ स्वदेशी रूप से निर्मित फेज्ड ऐरे रडार, इनर्सियल नेविगेशन सिस्टम, डेटा लिंक एवं RF सिकर से युक्त हैं। कम दूरी तक मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 30 किमी. है। इससे पहले 16 फरवरी, 2016 व 4 जून, 2017 को भी इस मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। DRDO ने इस मिसाइल को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की मदद से सेना वाहिनी के लिये विकसित किया है। यह दुश्मन के टैंक, युद्धक विमान को मार गिराने में सक्षम है।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को **गिनी** की सरकार ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है। पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी के हालिया दौरे में राष्ट्रपति कोविंद को **'नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट'** पुरस्कार से नवाज़ा गया। उन्हें यह सम्मान भारत-गिनी के समग्र संबंधों की प्रगति तथा दोनों देशों में मित्रता को बढ़ावा देने में योगदान के लिये दिया गया है। इस यात्रा के दौरान भारत ने गिनी को **जल आपूर्ति परियोजना** के विकास के लिये 17 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा देने की पेशकश की। इसके अलावा दोनों देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा पद्धति, ई-विद्या भारती, ई-आरोग्य भारती, ई-वीबीएबी नेटवर्क परियोजना और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए। तीन देशों की यात्रा के आखिरी चरण में भारतीय राष्ट्रपति गांबिया से गिनी पहुँचे तथा पश्चिम अफ्रीकी देश की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष हैं।
- **सऊदी अरब** की सरकार ने देश में चल रहे सुधारों के तहत सऊदी **महिलाओं को अकेले विदेश जाने** की अनुमति दे दी है। इस सुधारात्मक कदम के तहत अब 21 साल से अधिक आयु की महिलाओं को पासपोर्ट हासिल करने और अभिभावक की सहमति हासिल किये बिना देश छोड़ने की इजाज़त होगी। मौजूदा कानून के मुताबिक, सऊदी अरब में किसी भी उम्र की महिला बिना किसी पुरुष संरक्षक के विदेश यात्रा पर नहीं जा सकती। यह नियम 21 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों के साथ भी लागू है। कई मानवाधिकारों से वंचित सऊदी महिलाओं की आज़ादी के मामले में यह दशक अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। वर्ष 2012 में सऊदी महिलाओं को खेलों में हिस्सा लेने का हक मिला और पहली बार सऊदी महिलाएँ ओलंपिक खेलों में शामिल हुईं। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहली बार सऊदी का प्रतिनिधित्व देखने को मिला। दिसंबर 2015 में महिलाओं को वोट डालने का अधिकार हासिल हुआ, इसके पूर्व वे इस अधिकार से वंचित थीं। वर्ष 2017 में सऊदी महिलाओं को पासपोर्ट दिये जाने के सारे बंधन हटा दिये गए तथा उन्हें स्वतंत्र पासपोर्ट दिया जाने लगा। वर्ष 2018 में महिलाओं को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति हासिल हुई। इसी वर्ष महिलाओं को सेना में भर्ती की अनुमति प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें स्वतंत्र कारोबार की इजाज़त भी मिली।
- भारत में जन्मी इंग्लैंड निवासी 23 वर्षीय डॉक्टर **भाषा मुखर्जी** को **मिस इंग्लैंड 2019** के खिताब से नवाज़ा गया। डर्बी की रहने वाली भाषा मुखर्जी के पास मेडिकल की दो अलग-अलग डिग्रियाँ हैं और उनका IQ लेवल 146 है जो उन्हें आधिकारिक तौर पर जीनियस साबित करता है। उन्हें पाँच भाषाओं की जानकारी है। अब भाषा मुखर्जी दिसंबर में आयोजित होने वाली मिस वर्ल्ड स्पर्द्धा में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। कक्षा में सबसे होशियार होने पर उन्हें आइंस्टीन अवार्ड भी मिला था। वह एक सामाजिक संस्था भी चलाती हैं, वर्ष 2017 में उन्होंने **जेनेरेशन ब्रिज प्रोजेक्ट** शुरू किया जो अकेलेपन की समस्या का सामना कर रहे बुजुर्गों की मदद करता है। माना जाता है कि प्रख्यात वैज्ञानिक आइंस्टीन का IQ लेवल 160 था।